क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

एसपीएल–2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ (अजमेर)

राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी–263/

दिनांक :

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रामावतार जांगिड़ पुत्र श्री दुर्गालाल जांगिड़ एवं सह–खातेदार श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री कृष्णा गोपाल जांगिड़, रेफरेंस संख्या 20221000053656 ग्राम डूंगरी खुर्द द्वारा ग्रेनाईट खनिज क्लस्टर संख्या 67** खनन परियोजना जिसका विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से है:–

क्र. स.	प्रोजेक्ट का नाम	रेफरेंस संख्या	क्षेत्रफल हैक्टेयर में	ग्राम	खनिज का नाम	उत्पादन क्षमता टीपीए (आर.ओ.एम.)
1	श्री रामावतार जांगिड़ पुत्र श्री दुर्गालाल जांगिड़ सह–खातेदार श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री कृष्णा गोपाल जांगिड़, खसरा संख्या 181/3, 181/4, 184/1, 184/2, 185/1, 185/2, 186/1 एवं 186/2	20221000053656	1.4647	डूंगरी खुर्द	ग्रेनाईट	135072
2	श्री श्याम लाल पुत्र श्री लिछमन राम मेघवाल	20201000030474	1.0299	डूंगरी खुर्द	ग्रेनाईट	108192
3	मैसर्स कृष्णा माइन्स	20211000031374	2.6362	डूंगरी खुर्द	ग्रेनाईट	190008
4	मैसर्स श्री नाथ माइन्स एंड मिनरल्स	20211000041817	1.0323	डूंगरी खुर्द	ग्रेनाईट	108024

कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 6.1631 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता 541296 टीपीए (आर.ओ.एम.), ग्राम डूंगरी खुर्द, तहसील मालपुरा, जिला टोंक से संबन्धित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

2. और चूंकि **श्री रामावतार जांगिड़ पुत्र श्री दुर्गालाल जांगिड़ एवं सह–खातेदार श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री कृष्णा गोपाल जांगिड़, रेफरेंस संख्या 20221000053656 ग्राम डूंगरी खुर्द** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस. ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार समूह लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।

3. उक्त समूह खनन परियोजनासे सम्बन्धित समूहEIA/EMP Reportएवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :–
   1. जिला कलक्टर, टोंक।
   2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
   3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
   4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर।
   5. तहसील–मालपुरा, जिला–टोंक।
   6. राजीव गांधी सेवा केन्द्र, डूंगरी कला, तहसील मालपुरा, जिला टोंक।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, टोंक के पत्र क्रमांक न्याय/पर्यावरण/2023/14780 दिनांक 20.03.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 09/05/2023** को प्रातः 11:30 बजे, **स्थान–राजीव गांधी सेवा केन्द्र, डूंगरी, तहसील मालपुरा, जिला टोंक** में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षैत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला–अजमेर को भी दिये जा सकते है।

(दीपक तँवर)
पर्यावरणीय अभियंता
एवं क्षैत्रीय अधिकारी